घटना | पार्क अधिकारी डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे, जांच जारी

# टाइगर रिजर्व के मानपुर बीट में मिला बाघ का शव





**चिल्हारी नवभारत 4 अगस्त।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर परिक्षेत्र के मानपुर बीट मे बीती रात एक बाघ का शव मिला है। बताया जाता है कि वन विभाग के नियमित गश्ती दल को बाघ का शव मिला, जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू की।

4 अगस्त को घटनास्थल पर डॉग स्क्वाड और मेटल डिटेक्टर की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया गया। आसपास के जंगल में हाथियों से भी सर्च ऑपरेशन किया गया। जांच के दौरान कोई संदिग्ध या अस्वाभाविक सामग्री नहीं मिली, जिससे प्रथम दृष्टया शिकार की आशंका नहीं है।

### बाघ के अंग सुरक्षित पाए गए

मृत बाघ का पोस्टमार्टम बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तोमर और संजय टाइगर रिजर्व के डॉ. अभय सेंगर की मौजूदगी में किया गया। पोस्टमार्टम में बाघ के सभी दांत और नाखून सुरक्षित पाए गए और बाघ की अनुमानित आयु 4 से 5 वर्ष बताई गई है, हालांकि मृत बाघ नर है या मादा यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका।

**बिसरा नमूने प्रयोगशाला भेजे गए**

मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए शव से बिसरा नमूने एकत्र कर वैज्ञानिक परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। पूरी पोस्टमार्टम प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी की गई।क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ ने बताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद वन विभाग ने नियमानुसार बाघ के शव का दाह संस्कार कर दिया। वन विभाग को अब प्रयोगशाला की रिपोर्ट का इंतजार है।

# ग्राम पंचायत पतौर बनी भ्रष्टाचार का गढ़

**आज दिनांक तक नहीं लगा निर्माण एजेंसी का बोर्ड**




**मानपुर नवभारत 4 अगस्त।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पतौर मे बनी सीसी रोड में आज दिनांक तक निर्माण एजेंसी का बोर्ड नहीं लगाया गया, जिससे यह पता चल सके की कहां से कहां तक सीसी रोड का निर्माण हुआ है, कितनी लागत राशि है, निर्माण एजेंसी कौन है और किस मद से निर्माण हुआ है, लेकिन ग्राम पंचायत पतौर के सरपंच सचिव इंजीनियर की मिलीभगत से आए दिन भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है

### मिटटी को मुरुम बताकर निकाल ली राशि

दूसरी ओर विशेष सूत्रों के द्वारा बताया गया है कि ग्राम पंचायत पतौर स्थित विश्राम सिंह के घर के पास थोड़ा बहुत मिटटी डलवाकर मुरुम के नाम से रूपये का आहरण कर लिया गया है। उमरिया जिले के अनूपपुर, शहडोल और उमरिया में मुरुम की खदान ही नहीं है, लेकिन ग्राम पंचायत पतौर के सरपंच, सचिव और इंजीनियर की मिलीभगत से मिट्टी डालकर मुरुम के नाम से रूपये का आहरण कर लिया गया है।

**अभी तक कंप्लीट नहीं हो पाया नवीन विद्यालय कक्ष**

ग्राम पंचायत पतौर स्थित विद्यालय भवन का निर्माण 4 महीने पहले से लगा हुआ था, जो कि आज दिनांक तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। और तो और विद्यालय भवन में बिना टीपी के रेत का उपयोग एवं घटिया क्वालिटी की सीमेंट का उपयोग किया गया है। कलेक्टर राखी सहाय, जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया से मांग की गई है कि ग्राम पंचायत पतौर में हुए निर्माण कार्य और हो रहे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की जाए।

# पेड़ गिरने से कॉलरी स्कूल रोड पर आवागमन बाधित

**तीन घंटे बाद भी नहीं पहुंचा बिजली विभाग का अमला**



**उमरिया नवभारत 4 अगस्त।** तेज हवाओं और बारिश के चलते कॉलरी स्कूल रोड पर एक बड़ा पेड़ गिर जाने से सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई। पेड़ के साथ बिजली के तार भी प्रभावित होने से क्षेत्र में खतरे की स्थिति बनी हुई है।

घटना के करीब तीन घंटे बीत जाने के बावजूद बिजली विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के तुरंत बाद बिजली विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन शिकायत के कई घंटे बाद भी विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा**–लोगों का कहना है कि सड़क बंद होने के कारण राहगीरों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक व्यक्ति बार-बार लोगों को सतर्क करते हुए दुर्घटना होने से बचा रहा है, क्योंकि पेड़ और बिजली के तारों के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

**पेड़ हटाने व बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग**–क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल मौके पर पहुंचकर पेड़ हटाने, बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने और सड़क पर आवागमन बहाल करने की मांग की है।

# सड़क हादसे में दो आवारा मवेशियों की मौत

**वाहन चालक भी हो रहे दुर्घटना का शिकार**



**उमरिया नवभारत 4 अगस्त।** घंघरी नाका स्थित ओवरब्रिज के पास बीते देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से दो आवारा मवेशियों की मौत हुई, जो दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।

शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसका असर उमरिया शहर के अलावा पाली, नौरोज़ाबाद, करकेली, मानपुर से सटे कई मुख्य सड़कों पर देखा जा सकता है। इसका खामियाजा न केवल बेजुबान पशुओं को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ रहा है, बल्कि आए दिन वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई मामलों में इन हादसों ने इंसानी जानें भी गई हैं।

### प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे

इसके बावजूद समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जिले के मुख्य सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों के प्रबंधन के लिए ठोस और स्थायी कार्रवाई की ज़रूरत है। खासतौर से उन पशु पालकों को भी कड़े निर्देश देने की ज़रूरत है, जो भगवान भरोसे मवेशियों को सड़क पर छोड़कर चैन की नींद सो रहे है।



# तेज रफ्तार कार खाई में गिरी, तीन गंभीर

**उमरिया नवभारत।** जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी तुम्मी में देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बताया जा रहा है देर रात तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 18 जेडएच 3550 तुम्मी से पिकनिक मनाकर वापस शहडोल जा रही थी। इसी दौरान सिद्ध घाट के नीचे अचानक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे के वक्त कार में तीन लोग सवार थे, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायल शहडोल निवासी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि कार सवार पार्टी मनाकर वापस लौट रहे थे। घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने के खतरे को उजागर कर दिया है।

# 10 को मानपुर में निकलेगी कांवड़ यात्रा


**मानपुर नवभारत 4 अगस्त।** सावन माह के पावन अवसर पर श्रीखंड पार्थिवेश्वर महादेव विवाह उत्सव समिति, मानपुर के तत्वावधान में 10 अगस्त सोमवार को विशाल एवं कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

यह धार्मिक यात्रा प्रातः 7:00 बजे नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 7 स्थित काली मंदिर से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा में शामिल शिवभक्त कांवड़िए भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ ज्वालामुखी धाम स्थित चरणगंगा नदी पहुंचकर पवित्र जल भरेंगे। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु कावड़ में जल लेकर पुनः मानपुर लौटेंगे और वार्ड क्रमांक 5, पशु चिकित्सालय मंदिर के पीछे स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग का विधि-विधान से जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन करेंगे।

**कांवड़ यात्रा सनातन संस्कृति का प्रतीक है**–समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सावन माह में आयोजित यह कांवड़ यात्रा श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भगवान शिव के जयघोष, एवं भक्तिमय वातावरण से नगर शिवमय हो उठेगा। श्रीखंड पार्थिवेश्वर महादेव विवाह उत्सव समिति ने मानपुर नगर परिषद एवं आसपास के समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कावड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# तीन माह में उखड़ी 5 लाख की नई नवेली सीसी सड़क

**निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने जांच की मांग की**






**शहपुरा नवभारत 4 अगस्त।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमठेरा में 15वें वित्त आयोग की लगभग 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी सड़क निर्माण कार्य पर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के महज तीन माह के भीतर ही सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने लगी है। तथा कई स्थानों पर गिट्टियां निकलने लगी हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार खेमलाल के घर से पुलिया तक सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था।

**कीचड़ और जलभराव के बीच आवागमन को मजबूर**–ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का निर्माण ऐसे स्थान से शुरू किया गया, जहां मुख्य रूप से एक ही परिवार का आवास है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई ऐसे सार्वजनिक मार्ग हैं, जहां बरसात के दौरान लोगों को कीचड़ और जलभराव के बीच आवागमन करना पड़ता है, लेकिन उन्हें प्राथमिकता नहीं दी गई। उनका आरोप है कि सार्वजनिक हित की अपेक्षा एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निर्माण कराया गया।

**गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया**–ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि यदि कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया होता तो सड़क इतनी कम अवधि में क्षतिग्रस्त नहीं होती। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

**सीईओ बोले– जांच कर होगी कार्रवाई**

जनपद पंचायत शहपुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पांडे ने बताया कि उन्हें सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी और यदि निर्माण में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सावन माह में शिवालयों में उमड़ रही भक्तों की भीड़



**अमरपुर नवभारत।** विकासखण्ड मुख्यालय अमरपुर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रावण मास प्रारंभ होते ही भगवान शिव की भक्ति प्रकृति के श्रृंगार से जुड़े सावन माह में अलसुबह से ही शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक करने का दौर शुरू हो चुका हैं, जोकि निरंतर पूरे श्रावण मास चलता रहेगा। श्रावण मास में दिनों दिन शिव मंदिरों में भक्तजनों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही हैं। इसके साथ ही अब पूरे सावन माह शिव आराधना का दौर निरंतर चलता रहेगा। हर शिव मंदिरों में हर हर महादेव के गुंज सुनाई देने लगी हैं। खासकर सोमवार को शिवालयों का नजारा कुछ और ही देखने को मिल रहा हैं। महिलाएं सावन सोमवार का उपवास रखकर भगवान शिव से पति की लंबी दीर्घायु की कामना कर रही हैं।

# अतिथि शिक्षक भर्ती में धांधली का आरोप

**न्याय नहीं मिला तो इच्छा मृत्यु की मांग, कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की गुहार**



**डिण्डौरी, नवभारत 4 अगस्त।** जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र गोरखपुर में अतिथि शिक्षक भर्ती को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं।

वर्ष 2007-08 से अतिथि शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे मणीभूषण सूर्यवंशी ने कलेक्टर को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि संकुल प्राचार्य द्वारा भर्ती प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी, पक्षपात और मनमानी करते हुए कम अंक वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो उन्हें इच्छा मृत्यु की अनुमति दी जाए।

**मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप**–आवेदक का कहना है कि उन्होंने 21 जुलाई को जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसका निराकरण 6 अगस्त तक किया जाना था, लेकिन विभागीय अधिकारियों और संस्था के प्रभारी प्राचार्यों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। उनका आरोप है कि पिछले तीन वर्षों से उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

**कम अंक वाले अभ्यर्थी को नियुक्त किया**–मणीभूषण सूर्यवंशी ने दावा किया है कि वे पूर्व में वर्ग-1 एवं वर्ग-2 में अध्यापन कर चुके हैं तथा उनके पढ़ाए विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। उनका कहना है कि पिछले सत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा उन्हें हिंदी साहित्य विषय में कार्यभार देकर पूरे वर्ष का मानदेय भी प्रदान किया गया था, लेकिन इस बार उनसे कम अंक वाले अभ्यर्थी को नियुक्त कर दिया गया।

# जन चौपाल में फूटा वार्डवासियों का गुस्सा, खुली विकास की पोल

**कलेक्टर की नई पहल**



**डिण्डौरी, नवभारत 4 अगस्त।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'जनता ही बताएगी समस्या का समाधान' का शुभारंभ सोमवार को मां नर्मदा डेम घाट पर आयोजित जन चौपाल से हुआ। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के सुझाव भी आमंत्रित किए।

पहल का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सहभागिता बढ़ाकर समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। जन चौपाल की शुरुआत एसडीएम रामबाबू देवांगन ने मां नर्मदा के जयकारे के साथ की, लेकिन जैसे ही नागरिकों को अपनी बात रखने का अवसर मिला, वर्षों से उपेक्षित मूलभूत सुविधाओं को लेकर उनका आक्रोश खुलकर सामने आ गया।

**वार्डवासियों ने बेबाकी से प्रशासन को घेरा**–सड़क, पेयजल, बिजली, नाली, साफ-सफाई और सीवरेज जैसी समस्याओं पर वार्डवासियों ने बेबाकी से प्रशासन को घेरा। कलेक्टर ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। हंसनगर और देवरा क्षेत्र के नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं प्रमुखता से रखीं।

**युवा अधिवक्ता ने खोली सीवरेज निर्माण की परतें**–कार्यक्रम के समापन से पहले युवा अधिवक्ता समयक जैन ने नगर में हुए सीवरेज निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अधिकांश वार्डों में सीवर लाइन का कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं हुआ, जिसके कारण नई और पुरानी सड़कें तक क्षतिग्रस्त हो रही हैं। रिस्टोरेशन कार्य में घटिया गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया है।

**अधूरी सड़क पर भी उठे सवाल**–युवा अधिवक्ता एवं वार्डवासी आयुष नामदेव ने नर्मदा गंज से कलेक्ट्रेट तिराहा तक बन रही सड़क का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सड़क का एक हिस्सा आज भी अधूरा पड़ा है। अधूरे निर्माण के कारण आमजन को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की।

**इनकी रही उपस्थिति**–जन चौपाल में पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, एसडीएम रामबाबू देवांगन, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. सत्येन्द्र कुमार ब्यौहार जिला आयुष अधिकारी पद पर पदोन्नत



**डिंडोरी, नवभारत 4 अगस्त।** मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के अनुसार डॉ. सत्येन्द्र कुमार ब्यौहार को जिला आयुष अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, विभागीय कार्यों के प्रति समर्पण तथा दीर्घकालीन सेवाओं के सम्मानस्वरूप प्रदान की गई है। डॉ. ब्यौहार ने प्रभारी जिला आयुष अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए जिले में आयुष संस्थानों के संचालन, राष्ट्रीय आयुष मिशन की गतिविधियों, योग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं साक्षी धुर्वे पति श्री सौरभ धुर्वे जाति परधान आयु 23 वर्ष निवासी ग्राम कुंडा पोस्ट मड़ियारास थाना डिण्डौरी तहसील एवं जिला डिण्डौरी म.प्र. का निवासी होकर निम्न कथन शपथपूर्वक सच-सच करती हूँ :- 1. यह कि मै शपथकर्ती उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मुझ शपथकर्ती के आधार कार्ड कमांक 7821 3284 3209 में मेरा नाम साक्षी तेकाम पिता श्री नरेन्द्र तेकाम पता कारोपानी पोस्ट खरगहना डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र. दर्ज है। 3. यह कि मेरा विवाह श्री सौरभ धुर्वे निवासी ग्राम कुंडा पोस्ट मडियारास थाना डिण्डौरी तहसील एवं जिला डिण्डौरी म.प्र. के साथ सम्पन्न हुई है इसलिये मै अब अपना आधार कार्ड क्रमांक 7821 3284 3209 में अपना नाम साक्षी धुर्वे पति श्री सौरभ धुर्वे निवासी कुंडा पोस्ट मडियारास थाना डिण्डौरी तहसील एवं जिला डिण्डौरी म.प्र. दर्ज कराना चाहती हूँ। 4. यह कि मेरे आधार कार्ड में साक्षी धुर्वे पति सौरभ धुर्वे एवं पता- कुंडा पोस्ट मडियारास थाना डिण्डौरी तहसील एवं जिला डिण्डौरी म.प्र. दर्ज किये जाने वास्ते यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूँ मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वंय की होगी।

शपथकर्ता

जनसुनवाई | जनसुनवाई में 59 आवेदनों पर कलेक्टर ने की सुनवाई

# योजनाओं में भेदभावपूर्ण कार्य करने का आरोप



**डिंडौरी, नवभारत 4 अगस्त।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई में कुल 59 आवेदन प्राप्त हुए।

इनमें पेयजल, अवैध कब्जा, सड़क, विद्युत सुविधा, मजदूरी भुगतान, आम रास्ता, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, छात्रवृत्ति तथा अधूरे विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ग्राम रोजगार सहायक को हटाने की मांग

विकासखंड शहपुरा की ग्राम पंचायत करौंदी के ग्रामीणों ने ग्राम रोजगार सहायक पर आवास प्लस सर्वे सहित अन्य योजनाओं में भेदभावपूर्ण कार्य करने का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### जेसीबी मशीन का लंबित किराया दिलाने की मांग

ग्राम मुकुटपुर निवासी विशाल शर्मा ने बीएसएनएल कार्य में लगी अपनी जेसीबी मशीन का लंबित किराया दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम मुडकी के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर आम रास्ता बहाल कराने की मांग की, जिस पर तहसीलदार डिंडौरी को तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

इसी प्रकार छात्रा आराधना चंदेल ने छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन प्रदर्शित नहीं होने से छात्रवृत्ति एवं आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की समस्या रखी। जनसुनवाई के दौरान एक विशेष पहल के तहत उपस्थित सभी आवेदकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य आवश्यक जांच कर परामर्श प्रदान किया।

# विभागीय कार्यालयों में होगी स्वास्थ्य जांच

**कर्मचारियों के लिए जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण अभियान शुरू**

**डिंडौरी ,नवभारत 4 अगस्त।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ने जिले के विभिन्न विभागीय कार्यालयों में कार्यरत पंचायती कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार आगामी एक माह तक विभिन्न विभागीय कार्यालयों में पहुंचकर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। अभियान के दौरान कर्मचारियों की हेल्थ आईडी तैयार कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी निर्धारित पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मचारियों की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच, मुख कैंसर की स्क्रीनिंग, नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) की स्क्रीनिंग तथा संभावित टीबी रोगियों की जांच की जाएगी।

**आवश्यक दवाओं का वितरण किया जाएगा**–आवश्यकता अनुसार रक्त जांच एवं आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया जाएगा, ताकि कर्मचारियों को समय पर उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य परीक्षण से संबंधित समस्त अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण किया जाए तथा निर्धारित पोर्टल पर जानकारी नियमित रूप से अद्यतन करते हुए प्रगति प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए।